प्रिय महोदय,

कृपया जान लें कि **बेल्जियन डायमंड ट्रेडर्स** बेल्जियम के धन-शोधन विरोधी विधि-क़ानून की अधीनता में काम करता है[1] और उस पर क़ानून और विनियमों के कार्यान्वयन के साथ पूरी तरह से सहयोग करने की बाध्यता है।

एक मूलभूत सिद्धांत के तौर पर बेल्जियन डायमंड ट्रेडर्स पर यह दायत्व है कि वह **अपने ग्राहकों को पहचाने** तथा **किसी भी व्यावसायिक संबंध में उतरने या कोई भी लेन-देन निष्पादित करने <u>से पहले</u>** पहचान से संबंधित दस्तावेज़ों को सत्यापित करे।

इसलिए, कृपया अपने बेल्यजिन हीरा आपूरक को निम्नलिखित दस्तावेज़ उपलब्ध कराएँ:

1. <u>अपनी कंपनी के निगमन से संबंधित क़ानूनी दस्तावेज़</u>: अपनी कंपनी के निगमन प्रमाणपत्र या संगम-अनुच्छेद का नवीनतम संस्करण (या अधिकार-क्षेत्र पर निर्भर करते हुए इनके तुल्य दस्तावेज़ जिनमें कम से कम कंपनी के नाम और पंजीकृत कार्यालय का उल्लेख हो)।

2. <u>निदेशक बोर्ड के सदस्यों के नामों की सूची</u> तथा अन्य कोई दस्तावेज़ जिससे यह सिद्ध किया जा सके कि संबंधित व्यक्ति निदेशक है (हैं) (यदि इसका उल्लेख (उपर्युक्त) क़ानूनी निगमन दस्तावेज़ में पहले से ही नहीं हुआ हो)।

3. ऐसा कोई दस्तावेज़ जिसमें यह सूचित किया गया हो कि <u>किसे कंपनी का प्रतिनिधित्व करने का अधिकार है</u> (यदि इसका उल्लेख (उपर्युक्त) क़ानूनी निगमन दस्तावेज़ में पहले से ही नहीं हुआ हो)।

4. <u>आपूरक के साथ लेन-देन करनेवाला(ले) संपर्क व्यक्ति:</u>
   - <u>बेल्जियम के नागरिकों के लिए</u>: उनकी आईडी की प्रति, या विदेशी व्यक्तियों की पंजी में पंजीकरण का मान्य प्रमाण, या बेल्जियम के किसी सार्वजनिक अधिकरण द्वारा जारी किया गया कोई मान्य दस्तावेज़ जिसमें कहा गया हो कि यह व्यक्ति बेल्जियम में

[1] क़ानून: धन-शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण के लिए वित्तीय प्रणाली के उपयोग को रोकने से संबंधित तिथि 11 जनवरी 1993 का क़ानून, 9 फरवरी 1993 का राजपत्र
विनियम: 11 जनवरी 1993 के क़ानून को लागू करने के लिए स्थापित किए गए विनियम, 24 अक्तूबर 2013 का राजपत्र।

निजी स्टिचिंग - ऐंटवेर्प विश्व हीरा केंद्र (एडब्ल्यूडीसी) (**Antwerp Word Diamond Centre (AWDC)**) • Hoveniersstraat 22, BE-2018 Antwerpen, Belgium
फ़ोन +32 3 222 05 11 • फ़ैक्स +32 3 222 05 99 • info@awdc.be • www.awdc.be • BTW - BE 0885 969 987

क़ानूनी तौर पर रह रहा है, तथा जिसमें कम से कम उसका अंतिम नाम, पहला नाम, जन्म तिथि और स्थान, और यदि संभव हो, तो पते का उल्लेख है।

- विदेशी नागरिकों के लिए: उनकी पहचान का मान्य प्रमाण, मान्य पासपोर्ट, या संभवतः ड्राइविंग लाइसेंस या फ़ोटो युक्त कोई अन्य आधिकारिक दस्तावेज़ जिसका उपयोग पहचान निर्धारित करने के लिए किया जा सकता है तथा जिसमें कम से कम उसका अंतिम नाम, पहला नाम, जन्म तिथि और स्थान, और यदि संभव हो, तो पते का उल्लेख है।

5. अपनी कंपनी के 25% से अधिक हिस्सों का स्वामित्व रखनेवाले अंतिम लाभार्थियों (उदा., हिस्सेदार) के नाम, जन्म तिथि और स्थान और पते की जानकारी देनेवाली सूची।

कृपया ध्यान दें कि यदि आप स्वयं बेल्जियम में पंजीकृत हीरा कंपनी हों, तो आपको ऊपर माँगे गए दस्तावेज़ उपलब्ध कराने की आवश्यकता नहीं है। केवल www.registereddiamondcompanies.be वेबसाइट से अपना पंजीकरण नंबर मुद्रित करें और उसे अपने बेल्जियम हीरा आपूरक को भेज दें।

ऐंटवेर्प विश्व हीरा केंद्र बेल्जियम के हीरा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता है और बेल्जियम के हीरा व्यापारियों को बेल्जियम के एएमएल विधि-क़ानूनों के कार्यान्वयन में मदद करता है। यदि इस विधि-क़ानून के बारे में आपके कोई **प्रश्न** हों या आप इस बात को लेकर दुविधा में हो कि कौन-से पहचान दस्तावेज़ उपलब्ध कराने हैं, तो एडबल्यूडीसी में एएमल और अनुपालन हेल्पडेस्क से निस्संकोच संपर्क करें: मरिजके एचटेन, क़ानून और अनुपालन अधिकारी Marijke.achten@awdc.be या ट्रिसिया स्टाव्रोपौलस, अध्यक्ष, क़ानून और अनुपालन trst@awdc.be.

अरी एपस्टेइन
मुख्य कार्यपालक, एडबल्यूडीसी

स्टेफ़ेन फिश्लर
अध्यक्ष, एडबलयूसी

Diamonds love Antwerp

निजी स्टिचिंग - ऐंटवेर्प विश्व हीरा केंद्र (एडबल्यूडीसी) (**Antwerp Word Diamond Centre (AWDC)**) • Hoveniersstraat 22, BE-2018 Antwerpen, Belgium
फ़ोन +32 3 222 05 11 • फ़ैक्स +32 3 222 05 99 • info@awdc.be • www.awdc.be • BTW - BE 0885 969 987